क्रमांक 01–04/पीडी–तीन/ 1294 /रायपुर, दिनांक 31 MAY 2018

# लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर भू–विस्थापितों की भर्ती

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंतर्गत लाईन परिचारक (संविदा) के **77 पदों** पर भर्ती के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की परियोजनाओं के लिये अधिग्रहित भूमि के भू–स्वामी के विस्थापित परिवार के नामांकित उम्मीदवारों से संविदा आधार पर, कार्य करने के इच्छुक निम्नलिखित अर्हता प्राप्त व्यक्तियों से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं :–

## संविदा भर्ती हेतु अर्हताऐं

(1) **मूल निवासी** – आवेदक को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।

(2) **आयु सीमा** – आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 35 वर्ष होनी चाहिए। न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा की गणना **दिनांक 01.06.2018** को आधार मानकर की जावेगी। आयु सीमा के लिए छत्तीसगढ़ आदर्श पुर्नवास नीति 2007 के प्रावधान लागू होगें।

(3) **शैक्षणिक योग्यता** – छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल/छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल/केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (CBSE)/भारतीय माध्यमिक शिक्षा परिषद (ICSE) से कक्षा दसवीं उत्तीर्ण।

(4) आवेदन पत्र –

(क) **पूर्व में हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल उम्मीदवार पुनः आवेदन न करें।**

(ख) **पूर्व में हुए शारीरिक दक्षता परीक्षा में असफल/अनुपस्थित उम्मीदवार पुनः आवेदन कर सकते है।**

(ग) लाईन परिचारक (संविदा) की भर्ती हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड रायपुर की वेबसाइट www.cspc.co.in पर उपलब्ध है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रारूप में न होने पर आवेदक की उम्मीदवारी स्वयमेव निरस्त मानी जावेगी। आवेदन पत्र जनरेशन कंपनी के निम्नलिखित कार्यालय से बिना किसी शुल्क के प्राप्त किया जा सकता है :–

(a) मुख्य अभियंता (उत्पादन) मड़वा–तेन्दूभाठा 2X500 मेगावाट, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड जांजगीर चांपा।

(b) कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) डी.एस.पी.एम. टी.पी.एस. छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड कोरबा पूर्व।

(c) मुख्य अभियंता (उत्पादन), एच.टी.पी.एस, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड कोरबा पश्चिम।

(5) **आवेदन शुल्क** – छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड के भू–विस्थापितों की भर्ती की जा रही है, अतः लाईन परिचारक (संविदा) की भर्ती हेतु आवेदन शुल्क **निःशुल्क** रखा गया है।

(6) **आवेदन कैसे करें** – निर्धारित आवेदन पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण पत्रों की स्व–सत्यापित छायाप्रतियॉ संलग्न कर प्रेषित करना आवश्यक है :–

(a) छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी प्रमाण पत्र

(b) कक्षा दसवीं उत्तीर्ण की अंकसूची

(c) कक्षा दसवीं उत्तीर्ण का बोर्ड प्रमाण पत्र

(d) जाति प्रमाण पत्र

(e) बी–1 की प्रति

(f) भूअर्जन के समय निवास संबंधी प्रमाण

(7) **आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तारीख** – आवेदन प्रस्तुत करने की **अंतिम तारीख 30.06.2018** है। भू–विस्थापित आवेदक निर्धारित प्रपत्र में आवेदन पत्र, समस्त प्रमाण पत्रों की स्व–प्रमाणित छायाप्रतियों के साथ, निर्धारित तारीख तक छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड के निम्नलिखित कार्यालयों में कार्यालयीन समय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर प्रस्तुत करें :–

(a) मुख्य अभियंता (उत्पादन) मड़वा–तेन्दूभाठा 2X500 मेगावाट, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड जांजगीर चांपा।

(b) कार्यपालक निदेशक (उत्पादन) डी.एस.पी.एम. टी.पी.एस. छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड कोरबा पूर्व।

(c) मुख्य अभियंता (उत्पादन), एच.टी.पी.एस, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड कोरबा पश्चिम।

(8) चयन प्रकिया –

(क) शारीरिक दक्षता परीक्षा हेतु दौड़ से पहले उम्मीदवार का स्वास्थ्य परीक्षण किया जावेगा। उक्त परीक्षण में फिट पाए जाने पर ही उम्मीदवार को शारीरिक दक्षता परीक्षा में सम्मिलित किया जावेगा।

(ख) शारीरिक दक्षता परीक्षा की सूचना आवेदकों को बुलावा पत्र के माध्यम से दी जावेगी। शारीरिक दक्षता परीक्षा आवेदक के स्वयं के जोखिम पर ली जावेगी, जिसके लिये आवेदको को 4 कि.मी. की दौड़ 30 मिनट में पूरी करनी होगी। 4 कि.मी. की दौड़ 30 मिनट में पूर्ण करने वाले उम्मीदवारों को सफल माना जावेगा।

(ग) शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल उम्मीदवारों की प्रावीण्य सूची उन्हें दसवीं कक्षा में प्राप्त अंको के प्रतिशत के आधार पर तैयार की जावेगी। दो या दो से अधिक उम्मीदवारों के प्रतिशत समान होने की स्थिति में उम्मीदवार की जन्मतिथि के आधार पर वरिष्ठ उम्मीदवार का नाम वरीयता क्रम में ऊपर रखा जावेगा।

(9) **लाईन परिचारक (संविदा) के पद का दायित्व** – लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर नियुक्त कर्मी को परिचारक श्रेणी–एक/दो (लाईन) एवं लाईन सहायक श्रेणी–एक/दो को आबंटित कार्यों में सहायता के साथ साथ विद्युत वितरण प्रणाली के निर्माण एवं रखरखाव से जुड़े ऐसे सभी मैदानी कार्य करने होंगे जिसमें शारीरिक श्रम की आवश्यकता होती है, जिसमें प्रमुख रूप से भूमि उत्खनन, वितरण कंपनी के उपकरणों का परिवहन एवं उपरोक्त से जुड़े सभी मैदानी कार्य सम्मिलित होंगे। ***कार्य की प्रकृति को देखते हुए महिला अभ्यार्थी तथा दिव्यांगजन उक्त पद हेतु अपात्र है।***

(10) संविदा पद के लिए पारिश्रमिक –

(क) लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर संविदा कर्मी को प्रतिमाह राज्य शासन के श्रम विभाग द्वारा अकुशल श्रमिकों हेतु समय–समय पर घोषित मासिक वेतन एवं उस मासिक वेतन पर 5 प्रतिशत अतिरिक्त मैदानी भत्ते का भुगतान किया जावेगा। वर्तमान में प्रभावशील दर (दिनांक 01.04.2018 से 30.09.2018) के अनुसार दिए जाने वाले मासिक वेतन की गणना निम्नानुसार है :–

| क्र | विवरण | जोन का नाम | | |
|---|---|---|---|---|
| | | अ | ब | स |
| 1. | कलेक्टर दर (रूपये) | 8,320/– | 8,060/– | 7,800/– |
| 2. | महंगाई भत्ता (रूपये) | 300/– | 300/– | 300/– |
| 3. | **उप योग (रूपये)** | **8,620/–** | **8,360/–** | **8,100/–** |
| 4. | मैदानी भत्ता (उप योग का 5 प्रतिशत) (रूपये) | 431/– | 418/– | 405/– |
| 5. | **योग (3+4) (रूपये)** | **9,051/–** | **8,778/–** | **8,505/–** |

(ख) उपरोक्त के अतिरिक्त कर्मचारी कल्याण सुविधा के रूप में कर्मचारी भविष्य निधि (EPF), कर्मचारी राज्य बीमा राशि (ESI) एवं बोनस का प्रचलित दरों के आधार पर व्यय भार भी कम्पनी द्वारा वहन किया जाएगा।

(ग) कर्मचारी को देय मूल वेतन एवं मंहगाई भत्ते में से कर्मचारी भविष्य निधि एवं कर्मचारी राज्य बीमा राशि (जहाँ लागू हो) की कटौती कर्मचारी अंशदान के रूप में प्रचलित दरों पर की जावेगी।

(घ) लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर नियुक्त कर्मचारी को इसके अतिरिक्त कोई विशेष वेतन, मंहगाई भत्ता, गृह भाड़ा आदि की पात्रता नहीं होगी। संविदा नियुक्ति के अंतर्गत नियुक्त कर्मी को राज्य शासन के श्रम विभाग द्वारा समय–समय पर दिए जाने वाले मानदेय के अनुरूप ही मूलवेतन एवं अन्य भत्ते देय होंगे।

(11) **संविदा पद पर नियुक्ति की कालावधि** – लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर नियुक्ति प्रथमतः तीन वर्ष के लिए प्रदान की जावेगी।

(12) नियुक्ति के नियम एवं अन्य शर्तें –

(i) विद्युत कंपनी को आवश्यकता अनुसार पदो की संख्या में वृद्धि/कमी किये जाने अथवा सम्पूर्ण चयन प्रक्रिया निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। नियुक्ति संबंधी कोई भी वाद रायपुर न्यायाधिकरण में ही मान्य होगें।

(ii) लाईन परिचारक (संविदा) पद की भर्ती की चयन प्रक्रिया के किसी भी स्तर पर अथवा आवेदक की नियुक्ति के पश्चात यह ज्ञात होता है कि आवेदक द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज यथा शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र आदि गलत एवं फर्जी है तो उसकी उम्मीदवारी अथवा नियुक्ति बिना किसी पूर्व सूचना के तत्काल प्रभाव से समाप्त या बर्खास्त कर दी जावेगी।

(iii) आवेदक को पदीय दायित्वों से जुड़े कर्तव्यों के निष्पादन हेतु जिला मेडिकल बोर्ड का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र चयन उपरांत उपस्थिति प्रतिवेदन के साथ प्रस्तुत करना होगा।

(iv) चयनित आवेदक की पदस्थापना छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के अंर्तगत की जायेगी।

(v) संविदा आधार पर नियुक्त कर्मी पर छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के प्रावधान लागू होंगे।

(vi) छ.ग. सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के अंतर्गत नियुक्ति को किसी भी पक्ष द्वारा एक माह का नोटिस अथवा नोटिस के स्थान पर एक माह का वेतन देकर समाप्त किया जा सकेगा।

(vii) संविदा आधार पर नियुक्त कर्मी को पेंशन की पात्रता नहीं होगी।

(viii) संविदा पर नियुक्त कर्मचारी का वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन/परफार्मेंस रिपोर्ट लिखा जावेगा ताकि उस आधार पर उसके कार्यों का मूल्यांकन किया जा सके।

(ix) संविदा कर्मी को एक वर्ष के कालखण्ड में 13 दिन के आकस्मिक अवकाश एवं 03 दिनों के ऐच्छिक अवकाश को छोड़कर अन्य किसी भी अवकाश की पात्रता नहीं होगी।

(x) यदि संविदा कर्मी बिना अनुमति कार्य से अनुपस्थित रहता है तो उसकी अनुपस्थिति की अवधि के वेतन की अनुपातिक कटौती की जावेगी।

(xi) संविदा कर्मी को राज्य में प्रभावशील श्रम कानून के अंतर्गत दुर्घटना बीमा कर्मकार क्षतिपूर्ति एवं वैयक्तिक बीमा की पात्रता होगी।

(xii) लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर कर्मी की नियुक्ति अस्थाई प्रकृति की होगी जिस पर नियमितिकरण की बाध्यता नहीं होगी।

(xiii) लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर भर्ती के लिए जिन प्रावधानों का इस विज्ञापन में स्पष्ट उल्लेख नहीं है, उनके लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (संविदा नियुक्ति), नियम 2012 यथा संशोधित, के प्रावधान लागू होंगे।

महाप्रबंधक (मा.सं.)
छ.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि. रायपुर

क्रमांक 01–04 / पीडी–तीन / 1295 / रायपुर, दिनांक : 31 MAY 2018

प्रतिलिपि :–

1. कार्यपालक निदेशक (..............................) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर .................... कंपनी लिमिटेड ..............................

2. मुख्य अभियंता (..............................), छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर .................... कंपनी लिमिटेड ..............................

3. उप महाप्रबंधक (....................)–एक / सचिवालय, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर .................... कंपनी लिमिटेड ..............................

4. अधीक्षण अभियंता (..............................) वृत्त छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर .................... कंपनी लिमिटेड ..............................

5. कार्यपालन अभियंता (..............................) संभाग छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर .................... कंपनी लिमिटेड ..............................

6. क्षेत्रीय लेखाधिकारी (..............................) छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर .................... कंपनी लिमिटेड ..............................

7. प्रबंधक (..............................), छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर .................... कंपनी लिमिटेड ..............................

8. स्टॉफ आफिसर संबद्ध प्रबंध निदेशक, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग / डिस्ट्रीब्यूशन / जनरेशन / ट्रांसमिशन / ट्रेडिंग कंपनी लिमिटेड रायपुर।

9. ग्रंथपाल, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड रायपुर।

नोट– **कार्यपालक निदेशक (ई.आई.टी.सी.), छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड रायपुर। कृपया इस विज्ञापन एवं आवेदन पत्र का प्रारूप छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड रायपुर की वेबसाइट में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।**

अतिरिक्त महाप्रबंधक (मा.सं.)
छ.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि. रायपुर

C/PHCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड

(छराविमंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)

CIN No. - U65993CT2008SGC020995

कार्यालय – महाप्रबंधक (मा.सं.), छ.ग.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि.,रायपुर

## छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर जनरेशन कंपनी लिमिटेड की परियोजनाओं के लिए अधिग्रहित भूमि के भू–स्वामी के विस्थापित परिवार के नामांकित व्यक्ति के लिए लाईन परिचारक (संविदा) के पद पर भर्ती हेतु आवेदन पत्र

स्व–हस्ताक्षरित
नवीनतम पासपोर्ट
साईज फोटो

भू अर्जन संबंधी विवरण :–

1. आवेदक का पूरा नाम (हिन्दी में) :–
2. पिता का पूरा नाम :–
3. अर्जित भूमि के खातेदार का पूरा नाम :–
4. आवेदक का खातेदार से संबंध :–
5. अर्जित भूमि के ग्राम का नाम :–
6. मुआवजा भुगतान पत्रक क्रमांक :–
7. खातेदार द्वारा धारित कुल भूमि (एकड़) :–
8. अर्जित कुल भूमि (एकड़) :–
9. निवास का ग्राम / शहर
   (क) अवार्ड के समय :–
   (ख) धारा–4 की अधिसूचना के समय :–
   (ग) धारा–4 की अधिसूचना के 3 वर्ष पूर्व :–
10. जाति :–
11. संवर्ग / अनु.जाति / अनु. जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग / विकलांग :–
12. वर्तमान / पत्र व्यवहार का पता :–
13. स्थायी पता :–
14. जन्मतिथि (अंको में) :–
    (शब्दो में) :–
15. मोबाईल नंबर :–

C/PHCL
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड

# छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड

(छराविमंडल की एक उत्तरवर्ती कंपनी)
CIN No. - U65993CT2008SGC020995
कार्यालय – महाप्रबंधक (मा.सं.), छ.ग.स्टे.पॉ.हो.कं.लिमि.,रायपुर

16. शैक्षणिक योग्यता :–

| कमांक | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | वर्ष | बोर्ड / संस्थान | पूर्णाक | प्राप्तांक |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

17. अर्जित भूमि का भूअर्जन के समय एवं धारा 4 (i) के तीन वर्ष पूर्व की बी–1 की प्रतियॉ संलग्न करें।

18. संलग्न किये गये स्वप्रमाणित प्रमाण पत्रों की छायाप्रति पर (✓) का चिन्ह लगावें :–

i) छत्तीसगढ़ का मूल निवासी प्रमाण पत्र
ii) कक्षा दसवीं उत्तीर्ण की अंकसूची
iii) कक्षा दसवीं उत्तीर्ण का बोर्ड प्रमाण पत्र
iv) जाति प्रमाण पत्र
v) बी–1 की प्रति
vi) भूअर्जन के समय निवास संबंधी प्रमाण

आवेदक का हस्ताक्षर

प्रतिहस्ताक्षरित

खातेदार के हस्ताक्षर

## //घोषणा पत्र//

मैं घोषणा करता हूँ कि, मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त समस्त जानकारी पूर्णतः सत्य है। कोई जानकारी असत्य पाये जाने पर मेरी विज्ञापित पद हेतु उम्मीदवारी समाप्त करने तथा मेरे विरुद्व वैधानिक कार्यवाही करने का अधिकार छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी लिमिटेड को होगा।

दिनांक :–
स्थानः–

आवेदक का हस्ताक्षर

प्रतिहस्ताक्षरित

खातेदार के हस्ताक्षर